तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 21 मार्च 2026

10 उल्लास महापरीक्षा के लिए 17 पंचायतों को ...



12 धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के समर्थन में कांकेर में...





## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

# बांसला की बसंती की माटी कला को राज्य स्तर पर मिली पहचान, मिलेगा हस्तशिल्प सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

कांकेर अंचल की माटी में रची-बसी कला एक बार फिर प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बनाने जा रही है। जिले के भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम बांसला की प्रतिभाशाली मिट्टी शिल्पी बसंती चक्रधारी को उनके उत्कृष्ट शिल्प कार्य के लिए राज्यस्तरीय हस्तशिल्प पुरस्कार 2024-25 हेतु चयनित किया गया है। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा घोषित इस सम्मान के तहत उन्हें शीघ्र ही राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के करकमलों से सम्मानित किया जाएगा। बांसला निवासी बसंती चक्रधारी ने अपनी कलाकृतियों में बस्तर की पारंपरिक गोटुल संस्कृति को जिस जीवंतता और सौंदर्य के साथ उकेरा है, उसने चयनकर्ताओं को विशेष रूप से आकर्षित किया। उनकी कला में स्थानीय जीवन, परंपरा और संस्कृति की झलक साफ दिखाई देती है, जो उन्हें प्रदेश के पांच चयनित शिल्पकारों में स्थान दिलाने में सफल रही। यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि एक परिवार की वर्षों की साधना का परिणाम है। बसंती के पति परमेश्वर चक्रधारी स्वयं एक कुशल शिल्पकार हैं, जिन्हें वर्ष 2011-12 में राज्य स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है। बसंती अपने पति को ही अपनी प्रेरणा मानती हैं। उनके अनुसार पति के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के बिना यह संभव नहीं था। ग्राम बांसला और पूरे कांकेर जिले के लिए यह गौरव का क्षण है। बसंती चक्रधारी की यह उपलब्धि न केवल स्थानीय कला को नई पहचान देगी, बल्कि आने वाली पीढ़ी के शिल्पकारों को भी प्रेरित करेगी। उनकी सफलता यह साबित करती है कि मेहनत, लगन और पारंपरिक कला के प्रति समर्पण से गांव की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकती हैं।

### राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के हाथों होंगी सम्मानित



#### दो दशकों से मिट्टी शिल्प को समर्पित

*पिछले दो दशकों से यह दंपति मिट्टी शिल्प को समर्पित है और न केवल आकर्षक मूर्तियां व बर्तन बना रहे हैं, बल्कि अपनी कला को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का भी कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के सहयोग से आयोजित 50 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में स्थानीय लोगों को शिल्पकला का प्रशिक्षण दे रहे हैं।*

# हाटकोंगेरा की दुकान से 44 क्विंटल पीडीएस चावल और दो वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- पीडीएस चावल में हेराफेरी कर दुगुने दाम में बेचा रहा था
- पीडीएस का चावल बेचने वाले उपभोक्ताओं का राशन कार्ड हो सकते हैं रद्द

हाटकोंगेरा का दुकानदार गांव के ग्रामीणों से राशन दुकान का चांवल खरीदकर चांवल को दुगूने रेट में बेचने का काम करता था। राशन के चांवल को मिलिंग करवाने के लिए ले जाते समय नाथियानवागांव के पास कांकेर पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने इस मामले में भूपेंद्र एवं उसके एक अन्य साथी को भी दबोचा है। पुलिस ने खाद्य विभाग के अमले से पुष्टि करवाने के बाद खुलासा किया कि पकड़ाया चांवल पीडीएस दुकान का ही है।

जानकारी के अनुसार इस मामले में पुलिस टीम को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि ग्राम कोकड़ी चौक से नाथियानवागांव मार्ग पर पिकअप से सरकारी चांवल का परिवहन किया जा रहा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो बोलेरो पिकअप ▶▶ शेष पेज 10 पर



जप्त किए गए दोनो पिकप वाहन



भूपेंद्र साहू



राहुल निषाद

### हाटकोंगेरा दुकान में 545 उपभोक्ता

हाटकोंगेरा राशन दुकान में 545 उपभोक्ता है, जिसमें अंत्योदय के उपभोक्ता 237 है, इनको 35 किलो चावल निःशुल्क मिलता है। 02 उपभोक्ता निराश्रित केटेगरी के है, जिनको 10 किलो चावल निःशुल्क, 03 उपभोक्ता निःशक्तजन केटेगरी के है, जिनको 10 किलो चावल निःशुल्क, प्राथमिकता केटेगरी के 366 उपभोक्ता है, जिनको प्रति सदस्य के हिसाब से और एपीएल केटेगरीके 37 उपभोक्ता है, जिनको 35 किलो चांवल 10 रूपएं किलो के हिसाब से मिलता है।

### उपभोक्ता भी अपराध के लिए जिम्मेदार

सस्ता राशन जिन उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है वे उसे यदि बेच रहे हैं तो यह अपराध है, वहीं पीडीएस के राशन को खरीदने वाला खरीदार भी अपराधी होगा, क्योंकि इस प्रकार राशन को खरीद कर बेचना सरकार के उद्धेश्य व उसके नियम का उल्लंघन ही है। इसलिए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। जिले में सरकार द्वारा पांच प्रकार अंत्योदय, निराक्षित, प्राथमिकता, निःशक्तजन और एपीएल हितग्राहियों को राशनकार्ड जारी किया गया है।

# बैंड प्रैक्टिस के दौरान बच्चों के बाजे तोड़े और महिला से मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

चारामा में डबरी माता तालाब के पास बैंड पार्टी की प्रैक्टिस के दौरान हुआ एक विवाद अब गंभीर आपराधिक मामले में बदल गया है। बच्चों की मासूम प्रैक्टिस के बीच अचानक पहुंचे कुछ लोगों ने न सिर्फ ढोल-तांसा तोड़ दिया, बल्कि महिलाओं और बच्चों के साथ मारपीट कर इलाके में दहशत फैला दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दरगहन निवासी पूनम विश्वास 19 मार्च की दोपहर करीब 2 बजे चारामा के सदर बाजार स्थित अपने भाई की पूजा सामग्री दुकान में थीं। इसी दौरान उनका भतीजा शौर्य ओझा अपने साथियों के साथ डबरी माता तालाब के पास बैंड पार्टी की प्रैक्टिस कर रहा था। आरोप है कि उसी समय प्रियंकेश गुप्ता मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए बच्चों के ढोल, तांसा समेत अन्य वाद्य यंत्रों को तोड़ दिया। विरोध करने पर बच्चों के साथ मारपीट भी की गई। घटना की सूचना मिलते ही पूनम विश्वास और उनके भाई मौके पर पहुंचे और विवाद शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन आरोप है कि प्रियंकेश गुप्ता, उसके छोटे भाई और उनकी मां ने मिलकर पूनम विश्वास के साथ भी हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इस दौरान महिला की दाहिनी आंख के पास चोट आई, वहीं आरोपियों की मां द्वारा बाएं हाथ की कोहनी के पास काटने की भी बात सामने आई है। इतना ही नहीं, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रियंकेश गुप्ता व अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# मोबाइल मेडिकल टीम से इलाज के दौरान गाली-गलौज, मोबाइल छीनकर दी धमकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

ग्राम पाढरगांव में स्वास्थ्य सेवा देने पहुंची मेडिकल मोबाइल यूनिट टीम के साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने नशे की हालत में टीम के साथ बदसलूकी करते हुए मोबाइल भी छीन लिया और कई प्रकार की धमकी भी दिया।

रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर द्वारा संचालित मेडिकल मोबाइल यूनिट टीम के साथ रावघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पाढरगांव में अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। इस संबंध में मेडिकल ऑफिसर ने थाना रावघाट में लिखित शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मेडिकल ऑफिसर ने पुलिस को बताया कि 5 मार्च को मेडिकल टीम एम्बुलेंस के साथ निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह करीब 9 बजे नारायणपुर आश्रम से रवाना होकर साढ़े 10 बजे ग्राम पाढरगांव पहुंचे थे, यहां टीम द्वारा ग्रामीणों का इलाज और दवा वितरण किया जा रहा था। इसी दौरान करीब 11 बजे कुछ लोग नशे की हालत में मेडिकल जांच के लिए पहुंचे। इलाज के बाद भुनेश्वर मांझी नामक व्यक्ति ने दी गई दवा फेंक दी और मेडिकल टीम के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए वीडियो बनाने लगा। उसके साथ सतीश देहारी और भुनेश देहारी भी शामिल थे, जिन्होंने तेज आवाज में गाली-गलौज करते हुए टीम, विशेषकर महिला स्टाफ के साथ बदसलूकी की। मेडिकल टीम द्वारा शांत रहने की समझाइश देने पर भी आरोपियों ने हंगामा जारी रखा और आरोप लगाया कि टीम बिना इलाज किए पैसे लेती है। साथ ही दोबारा गांव ▶▶ शेष पेज 10 पर

# बोर मशीन केबल चोर गिरोह फूटा दो नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजुर

- चोरी का समान खरीदने वाले 2 कबाड़ी दुकान संचालक भी गिरफ्तार

पखांजूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग ग्रामों में खेत और मछली पालन तालाबों में लगे बोरिंग पंपों से केबल वायर चोरी का मामला पुलिस के पास आया था। पुलिस ने मामले की खोजबीन कर 24 घंटे के अंदर आरोपियों को दबोच लिया। होने के मामले सामने आए हैं। अज्ञात चोरों ने न केवल कीमती तार पार किए, बल्कि तोड़फोड़ कर किसानों की मशीनों को भी नुकसान पहुँचाया है।

पहला मामला पीव्ही-09 सत्यानंदनगर में मछली तालाब से चोरी का है। ग्राम पीव्ही 9 निवासी किसान अमन मिस्त्री ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके तीन मछली पालन तालाबों की सिंचाई के लिए लगे बोर मशीन से अज्ञात चोरों ने लगभग 30 फीट केबल वायर चोरी कर लिया। चोरी की ▶▶ शेष पेज 10 पर




### विधायक आशाराम नेताम भी गंगा आरती में हुए शरीक

# हिंदू नववर्ष पर शीतला मंदिर परिसर की गंगा आरती में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

हिंदू नववर्ष के पावन आगमन पर कांकेर जिले का वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। शीतलापारा स्थित शीतला मंदिर परिसर में आयोजित भव्य गंगा आरती ने न केवल धार्मिक आस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि सनातन संस्कृति की दिव्यता का अद्भुत परिचय भी कराया।

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की शुरूआत संध्या के समय हुआ, दीपों की ज्योति और मंत्रोच्चार के बीच गंगा आरती प्रारंभ हुई, जिसने पूरे वातावरण को अलौकिक बना दिया। मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा, जिससे उपस्थित जनसमूह में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर भव्य राम भजन का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग ▶▶ शेष पेज 10 पर



### हिंदू नव वर्ष आध्यात्मिक चेतना का है संदेश

हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर कांकेर के शीतलापारा स्थित शीतला मंदिर परिसर में आयोजित भव्य गंगा आरती कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक आशाराम नेताम की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा और बढ़ा दी। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू नववर्ष केवल एक तिथि नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा ऐसे भव्य धार्मिक आयोजन हमारी सनातन परंपरा को जीवंत बनाए रखते हैं और समाज को एकता, सद्भाव एवं संस्कारों के सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं।

## खबर संक्षेप

### घायल युवक की मौत चालक पर मामला दर्ज

**कांकेर।** ग्राम कच्चे में पिछले वर्ष नवंबर में हुए सड़क हादसे में घायल युवक की रायपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले हाईवा चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। मृतक रायपुर के कोटा निवासी 28 वर्षीय राजकुमार अपने साथी के साथ 29 नवंबर को ग्राम कच्चे में आयोजित शिवमहापुराण कथा सुनने आया था। रात करीबन 8:30 बजे जब वे पैदल दल्लीराजहरा की ओर जा रहे थे, तभी कच्चे पुलिया के पास मछली बाजार के सामने पीछे से आ रही हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 22 एएफ 5100 के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। राजकुमार के सिर, हाथ-पैर और कमर में गंभीर चोटें आई थीं। गंभीर चोट के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी हाईवा ट्रक क्रमांक सीजी 22 एएफ 5100 के चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बुजुर्ग की मौत मर्ग कायम

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत परतापुर निवासी 65 वर्षीय रविंद्र सरदार पिता स्व. हरिपद का अज्ञात कारणो से 12 मार्च को मौत हो गया। सिविल अस्पताल पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का मौत अज्ञात कारणों से हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम घोठा निवासी दुर्गूराम और दुर्गेश्वरी को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उनके पिता शर्मालाल उयके की मृत्यु नाले के पानी में डूबने से हो गई थी।

### नगरपालिका के 22 वार्डों के भवनों में की जा रही नंबरिंग

**कोण्डागांव।** आगामी जनगणना 2027 को सुव्यवस्थित एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए नगरपालिका द्वारा शहर के प्रत्येक घर को पहचान देने के लिए भवन नंबरिंग अभियान शुरू किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र के सभी 22 वार्डों में भवन नंबरिंग का कार्य किया जा रहा है।

## निधन

### देवनाथ सर्फे

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के शिक्षा जगत से एक अत्यंत दुखद खबर सामने आई है। ग्राम आमागढ़ निवासी और प्राथमिक



शाला नवागांव में कार्यरत प्रधान पाठक 45 वर्षीय देवनाथ सर्फे आकस्मिक निधन हो गया। मिलनसार स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक के रूप में पहचाने जाने वाले के असमय चले जाने से शिक्षा विभाग और स्थानीय ग्रामीणों में गहरा शोक है। इस हृदय विदारक समाचार के बाद क्षेत्र के शिक्षकों, विद्यार्थियों और परिजनों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### नाम परिवर्तन की सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार साधना कोमरा, पति - लालजी राम कोमरा उम्र 35 वर्ष, जाति- गोंड, निवासी ग्राम कोकडे, तहसील- दुर्गूकोंदल जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के पुत्र का सही व वास्तविक नाम रिहांत कोमरा **RIHANT KOMRA** पिता- लालजी राम कोमरा **LALJI RAM KOMRA** है, मेरे पक्षकार के पुत्र के नाम पर जारी आधार कार्ड क्रमांक- 7188 2478 7081 में पुत्र का नाम रिहत **REHAT** पिता लालजी राम **LALJI RAM** त्रुटिवश दर्ज किया गया है, जिसे सुधारा जाकर रिहांत कोमरा **RIHANT KOMRA** पिता लालजी राम कोमरा **LALJI RAM KOMRA** लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ पत्र दिनांक- 19/03/2026 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज दिनांक के पश्चात से, मेरे पक्षकार के पुत्र के नाम पर जारी आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार के पुत्र का नाम रिहांत कोमरा **RIHANT KOMRA** पिता लालजी राम कोमरा **LALJI RAM KOMRA** किया जावें तथा पहचाना जावें।

दिनांक :- 20.03.2026

रीतिक गुप्ता (अधिवक्ता)
भानुप्रतापपुर, जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.) मो.- 9098406706

## राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन

# उल्लास महापरीक्षा के लिए 17 पंचायतों को बनाया परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



खण्ड शिक्षा कार्यालय भानुप्रतापपुर में विकासखण्ड भानुप्रतापपुर में 22 मार्च को होने वाली असाक्षरों की महापरीक्षा के संबंध में जिला परियोजना अधिकारी पुष्पांजली ठाकुर और खण्ड शिक्षा अधिकारी क्षमा सोनेल ने बैठक ली। इस बैठक जिला परियोजना अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत प्रभारियों को कहा कि केंद्र प्रवर्तित उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत परीक्षा में शतप्रतिशत असाक्षरों को बैठाएं। उन्होने कहा कि सभी ग्रामों में रैली, दिवाल लेखन आदि के माध्यम से वातावरण निर्माण करें। इसके लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी आवश्यक सहयोग प्राप्त करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर ने सभी ग्राम पंचायत एवं वार्ड प्रभारियों को कहा कि केंद्र प्रवर्तित महत्वाकांक्षी योजना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में विकासखण्ड के 17 ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन किया गया है। 17 ग्राम पंचायतों में के प्रत्येक ग्राम में परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इन परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। साथ ही साथ इसके लिए वातावरण निर्माण भी करें। उन्होने कहा कि इस महापरीक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार करें साथ ग्रामों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराए। परीक्षा के लिए निर्धारित पंजीयन फार्म भी भराया जाएगा, जिसमें असाक्षरों की आवश्यक जानकारी भरी जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों में शिक्षार्थियों के लिए पेयजल प्रकाश और बैठने के लिए कुर्सी टेबल आदि की समुचित व्यवस्था करना होगा इसके लिए संबंधित सैक्टर प्रभारी संकुल प्रभारियों को दायित्व सौंपा गया है। परीक्षा मे तीन भाग होंगे। पढ़ना, लिखना और गणित ज्ञान। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को पेंसिल रबर आदि उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा दिवस को अधिकारियों द्वारा मानिटरिंग भी की जाएगी। साक्षरता प्रभारी अशोक ठाकुर ने कहा कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा विभाग साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विदयालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के पहल पर आयोजित राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मुल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में रिसोर्स पर्सन टिकेश्वर सिंह ठाकुर, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी, बीआरसी राधेलाल नुरेटी, साक्षरता प्रभारी आनंद बनकर व अन्य प्रभारी उपस्थित रहें।

# बिजली बिल समाधान शिविर से उपभोक्ताओं को राहत




हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

परलकोट क्षेत्र के ग्रामीण उपभोक्ताओं को बिजली बिल संबंधी समस्याओं से राहत दिलाने के लिए शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र के सभी गांवों में जाकर शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को अपनी शिकायतों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

इन शिविरों में मुख्य रूप से बिजली बिलों में त्रुटि, अधिक बिल आने की शिकायत, मीटर संबंधी समस्या और नए कनेक्शन जैसे विषयों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। विभाग के अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका तत्काल समाधान किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अव्हान किया कि वे अपने-अपने गांव में आयोजित होने वाले इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपनी बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान कराएं। शिविर के सफल संचालन के लिए विद्युत विभाग के रामलला प्रजा, संतोष मंडावी, मनोज नेताम, गजानन साहू सहित विभाग के अन्य कर्मचारी की टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

# बरगांव आश्रम में 5वीं के बच्चों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



हाटकोंदल क्षेत्र के ग्राम बरगाव स्थित बालक आश्रम में कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा चौथी के छात्रों ने अपने सीनियर साथियों को पेन और कंपास भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

मुख्य अतिथि सरपंच हरिषा मंडावी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा को तनाव के बजाय एक उत्सव के रूप में लेना चाहिए। सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आश्रम अधीक्षक खुशेश रावटे ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए अनुशासन और निरंतर परिश्रम का पाठ पढ़ाया। समारोह में शिक्षक मनोज बेसरे, मनबस पण्डो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अविश्वास प्रस्ताव के बाद गंगा मरकाम निर्विरोध बनीं सरपंच



**पखांजुर।** जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत छोटेकापसी में पिछले कुछ समय से चल रही राजनीतिक उठापटक का अंत हो गया है। पूर्व सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद रिक्त हुए पद के लिए सर्वसम्मति से गंगा मरकाम को नया सरपंच चुन लिया गया है। छोटे कापसी पंचायत भवन में आयोजित विशेष बैठक के दौरान सभी वार्ड पंचों की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। अविश्वास प्रस्ताव के बाद पंचायत की कमान संभालने के लिए मरकाम के नाम पर मुहर लगाई गई। इस दौरान प्रशासन की ओर से निर्धारित नियमों का पालन करते हुए निर्वाचन की औपचारिकताएं पूरी की गईं। नवनियुक्त सरपंच गंगा मरकाम का उपस्थित पंचों और ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर और फूल-मालाओं के साथ आत्मीय स्वागत किया। पंचायत में विकास कार्यों को प्राथमिकता देना और सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। हम सभी पंच मिलकर आपसी सामंजस्य के साथ ग्राम पंचायत के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। नए नेतृत्व के चयन के बाद ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। लोगों को उम्मीद है कि रुके हुए विकास कार्य अब पुनः गति पकड़ेंगे। बैठक में मौजूद पंचों ने भी नई सरपंच को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

# मावा मोदोल कोचिंग संस्थान में नवीन बैच के लिए पंजीयन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सीजी पीएससी, सीजी व्यापमं एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी के लिए मावा मोदोल कोचिंग संस्थान कांकेर व भानुप्रतापपुर में नवीन बैच के लिए पंजीयन प्रारंभ किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा यह पहल अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य एवं उत्कृष्ट परिणाम सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि नवीन बैच के लिए प्रवेश परीक्षा रविवार 5 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों के लिए अंतिम अवसर होगा, इच्छुक अभ्यर्थी इस अवसर का लाभ उठाते हुए शीघ्र पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग 9 अप्रैल से प्रारंभ होगी तथा नियमित कक्षाएं 13 अप्रैल से प्रारंभ की जाएंगी। इस कोचिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को विषय विशेषज्ञों द्वारा शिक्षण एवं नियमित अभ्यास की सुविधा तथा गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान की जाएगी, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से अव्हान करते हुए कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर सुनहरा अवसर का लाभ उठाएं।

# स्कूटी से शराब की तस्करी कोचिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कांकेर।** अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कांकेर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर की सटीक जानकारी पर पुलिस ने अन्नपूर्णापारा गंगानगर मुक्तिधाम के पास घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा, जो अपनी स्कूटी की डिक्की में अवैध रूप से शराब रखकर खपाने की फिराक में था। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति नीले रंग की एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीएल 6528 में अवैध शराब लेकर घूम रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने अन्नपूर्णापारा मुक्तिधाम के पास दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 50 वर्षीय राजकुमार रवानी के स्कूटी की डिक्की की तलाशी लेने पर एक थैले के अंदर से 16 पौव्वा देशी शेरा और प्लेन शराब बरामद की गई। कुल 2.880 लीटर शराब कीमत लगभग 1 हजार 400 रूपएं और बिक्री की रकम 160 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (ख) के तहत मामला दर्ज किया है।

## पेज 9 के शेष...

### हाटकोंगेरा की दुकान...

वाहन क्रमांक सीजी 19 बीजी 9566 के चालक भुपेन्द्र कुमार साहू और पीकअप वाहन क्रमांक 19 बीक्यू 5328 का चालक राहुल निषाद को रोककर पूछताछ किया गया। वाहन में लोड चांवल के बारे में पूछताछ करने पर हाटकोंगेरा निवासी भूपेंद्र कुमार साहू ने बताया कि हाटकोगेंरा शासकीय राशन दुकान से आम जनता के राशन कार्ड से सस्ते दाम 16 रूपयें में चांवल खरीदकर ग्राम गौरगांव मिल में मिलिंग कराने ले जा रहें है। पिकअप क्रमांक सीजी 19 बीजी 9566 में प्लास्टिक बोरी से 37 कट्टा चांवल यानी 18 किवंटल 70 किग्रा. और भूपेंद्र ने ही गांव के किराए की पिकअप लेकर पिकअप क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 5328 में 25 कट्टा चांवल यानी 25 क्विंटल 80 किग्रा लोड करवाया था। इस तरह कुल चांवल 44 किवंटल 50 किग्रा को मिलिंग करवाने ले जा रहा था, जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया। इसके उपरांत खाद्य विभाग के अमले से चांवल की जाँच करवाया, जिन्होने बताया कि जप्त चांवल पीडीएस दुकान का ही है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 103/26 धारा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना जारी है। कांकेर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस प्रतिक दादासाहेब बनसोडे, उपनिरीक्षक दयालूराम साहू एवं थाना स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही।

### मोबाइल मेडिकल टीम...

आने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी गई। घटना के दौरान फार्मासिस्ट कुमारी लीना द्वारा वीडियो बनाने पर सतीश देहारी ने उनका मोबाइल छीना, वहीं नर्स एनेन्द्री के साथ भी बदतमीजी की गई और उनके फोटो खींचे गए। बीच-बचाव करने पहुंचे वाहन चालक महेंद्र जैन के साथ भी छीना-झपटी की गई, जिससे उनके हाथ में चोट आई। कुछ समय बाद मोबाइल वापस कर दिया गया, लेकिन धमकी के कारण मेडिकल टीम ने कार्य बीच में ही छोड़कर वापस आश्रम लौटना उचित समझा। घटना की जानकारी आश्रम प्रबंधन को देने के बाद थाना रावघाट में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भुनेश्वर मांझी, सतीश देहारी और भुनेश देहारी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बोर मशीन केबल...

वारदात के दौरान चोरों ने बोर मशीन का सॉकेट पाइप भी तोड़ दिया, जिससे पंप बोरिंग के भीतर गहराई में गिर गया। उसी रात गांव के ही एक अन्य किसान अमित तालुकदार के खेत से भी केबल चोरी की घटना हुई है। दूसरा मामला ग्राम हरनगढ़ में मक्का की फसल को नुकसान का है। चोरी की एक अन्य वारदात ग्राम हरनगढ़ में हुई, जहाँ किसान हंसराज उसेण्डी के मक्का खेत में लगे बोरिंग से अज्ञात चोरों ने करीब 20 फीट केबल काट लिया। किसान ने पुलिस को बताया कि 12 मार्च की शाम तक उन्होंने सिंचाई की थी, लेकिन अगली सुबह जब वे खेत पहुँचे तो तार गायब मिला। इसी दौरान पता चला कि पास के ही ग्राम डोण्डे निवासी गणेश दास के खेत में भी चोरों ने इसी तरह हाथ साफ किया है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इस मामले में पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 40 निवासी 20 वर्षीय राहुल दास पिता प्रकाश दास और पीव्ही 10 कृष्णानगर निवासी 19 वर्षीय राहुल क्षेत्री पिता विरू क्षेत्री, अंतागढ़ थानांतर्गत नयापारा अंतागढ़ निवासी 20 वर्षीय राकेश मण्डल पिता विश्वजीत मण्डल, पीव्ही 33 उदयपुर निवासी 58 वर्षीय कलिंग महंत पिता स्व. कंगाली महंत कबाड़ी दुकान के संचालक और कापसी निवासी 38 वर्षीय परितोष बर पिता मनिमोहन बर कबाड़ी दुकान के संचालक को गिरफ्तार किया गया।

### हिंदू नववर्ष पर...

लिया। मधुर भजनों की स्वर लहरियों ने हर किसी के मन को भाव-विभोर कर दिया। श्रद्धालुओं के चेहरे पर भक्ति का उल्लास और आस्था की झलक साफ दिखाई दे रही थी। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने युवाओं से अपनी सांस्कृतिक विरासत को समझने और उसे आगे बढ़ाने का आह्वान भी किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता का भी संदेश देने में सफल रहा। गंगा आरती और भजन संध्या के माध्यम से लोगों ने अपनी परंपराओं के प्रति गर्व और जुड़ाव का अनुभव किया।

# भावेश के सहायक बीडीओ बनने पर खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

जनपद पंचायत नरहरपुर में सहायक विकास विस्तार अधिकारी के पद पर भावेश कुमार साहू की नियुक्ति होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर देखी गई। भावेश कुमार साहू भाजपा मंडल नरहरपुर के वरिष्ठ कार्यकर्ता आत्माराम साहू के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर भारतीय



जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर एवं युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भावेश कुमार साहू का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भावेश कुमार साहू की यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अपने परिश्रम और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, जिससे क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। इस उपलब्धि से स्थानीय युवाओं में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ है। स्वागत कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहें।

### छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता विधेयक-2026 ऐतिहासिक कदम

**नारायणपुर।** प्रदेश में जबरन मतांतरण के मुद्दे पर पारित छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता विधेयक, 2026 को लेकर जनचर्चा तेज हो गई है। इस विषय पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जिला पंचायत नारायणपुर के अध्यक्ष नारायण मरकाम ने इसे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक अस्मिता और सामाजिक संतुलन की रक्षा की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया है। श्री मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आदिवासी अंचलों की भावनाओं और लंबे समय से उठ रही जन अपेक्षाओं को गंभीरता से समझते हुए यह साहसिक निर्णय लिया है। वर्षों से प्रलोभन, दबाव और छलपूर्वक मतांतरण की घटनाएं समाज में असंतुलन और अविश्वास का कारण बनती रही हैं।

# उजियारा अभियान जारी, अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना



अवैध शराब के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना नरहरपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से महुआ शराब बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की है।

पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम मारवाड़ी निवासी एक व्यक्ति अपने घर में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है।

मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान वहां से 15 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी मारवाड़ी निवासी 58 वर्षीय चैनसिंग जुर्री के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया किया गया।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद!
मो. रफीक
मो. रेहान रज़ा
उच्च क्वालीटी की साफ सुथरी गिट्टी मिलने का एक मात्र स्थान
मो. रफीक स्टोन क्रेशर
सभी प्रकार की गिट्टी उपलब्ध
40MM 20MM 10MM DUST
नवागांव-भावगीर, कांकेर (छ.ग.)
मो.: 7999737734, 9406285844, 9131315923


समस्त प्रदेशवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद!
:: विनीत ::
एक शुभचिंतक


समस्त कांकेर वासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद
तमन्ना आपकी सब पूरी हो जाए,
हो आपका मुकद्दर इतना रोशन की
आमीन कहने से पहले ही आपकी हर दुआ कबूल हो जाए।
मो. रहीम
रूबा
मो. सद्दाम मेमन


समस्त जिलेवासियों को
ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद!
विनीत
एम.एस. ट्रेडर्स कांकेर

## खबर संक्षेप

### पर्वतारोहण प्रशिक्षण के लिए टीम रवाना



**कांकेर।** स्काउट गाईड के जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रदीप कुमार सेन ने बताया कि 11 वें राज्य स्तरीय स्पेशल एडवेंचर प्रोग्राम 20 से 24 मार्च तक के लिए जिले को 80 का कोटा दिया गया था, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों से 25 स्काउट छात्र, 51 गाइड छात्रा और 4 प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाओ का दल रवाना हुआ। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को रॉक क्लाइंबिंग, मंकी ब्रिज क्रॉसिंग, वाटर एक्टिविटी, ट्रेकिंग, रैपलिंग, जिप लाइन, ऑब्स्टेकल रेस, नाइट ट्रेकिंग, कैम्प क्राफ्ट, प्राथमिक उपचार एवं सर्वाइवल स्किल्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ



**भानुप्रतापपुर।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत ग्राम पंचायत कलंगपुरी के पुजारीपारा निवासी मानक लाल भुआर्य को 2 लाख रुपएं की बीमा राशि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा दी गई। एसबीआई कियोस्क संचालक राजेश ठाकुर ने बताया कि 2 लाख रुपएं का भुगतान 18 मार्च को सीधे उनके खाते में किया गया। भारत सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ग्रामीण ले रहे है।

### युवक ने दुकान में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत ग्राम सत्तीधार निवासी 23 वर्षीय युवराज कोया पिता जयताराम कोया ने किराना दुकान में फांसी लगाक लिया, जिससे उसका मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 18 मार्च की रात को अज्ञात कारणों के चलते अपने किराना दुकान के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम घोठा में युवती ने चुनरी का फंदा बनकार फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के परिजन ने पुलस को बताया कि मृतिका 21 वर्षीय दसमोतीन कावड़े पिता जगनाथ ने ग्राम घोठा के खेत कि ओर कुसम पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत कर्रामाड़ निवासी 43 वर्षीय रोहित भुआर्य का इलाज के दौरान 14 फरवरी को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

सियासत : आगामी कार्यक्रमों व चुनावी तैयारियों में पूरी निष्ठा से जुट जाएं

# धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के समर्थन में कांकेर में पटाखे फूटे, भाजयुमो का उत्साही आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





बस्तर प्रवास के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरीहा के कांकेर आगमन पर शहर में उत्साह और ऊर्जा का अनोखा संगम देखने को मिला। पुराने बस स्टैंड से लेकर स्वागत स्थल तक कार्यकर्ताओं का जोश चरम पर रहा, जहां युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं, पुष्पगुच्छों और नारों के बीच अपने प्रदेश अध्यक्ष का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। इसके साथ ही धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के समर्थन में फटाखे फोड़े गए।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष संजू गोपाल साहू के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल हुए और भारत माता की जय और संगठन के जयघोष से वातावरण देशभक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा से सराबोर हो गया। कार्यकर्ताओं के चेहरों पर उत्साह साफ झलक रहा था, मानो यह केवल स्वागत कार्यक्रम नहीं बल्कि संगठन के प्रति उनके समर्पण का प्रदर्शन हो। इस अवसर पर राहुल टिकरीहा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा संगठन की रीढ़ है और युवाओं की सक्रियता ही पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करें और आगामी कार्यक्रमों व चुनावी तैयारियों में पूरी निष्ठा से जुट जाएं। उनके संबोधन ने उपस्थित युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया।

#### धर्म स्वातंत्र्य विधेयक का किया स्वागत

कार्यक्रम के दौरान एक और खास क्षण तब देखने को मिला जब पुराने बस स्टैंड में कार्यकर्ताओं ने 19 मार्च 2026 को छत्तीसगढ़ विधानसभा में पारित 'छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 का फटाखे फोड़कर स्वागत किया। इस विधेयक को अवैध और जबरन धर्मांतरण के खिलाफ एक सख्त कदम माना जा रहा है। कानून के तहत लालच, दबाव, शादी के झांसे या डिजिटल माध्यम से धर्म परिवर्तन कराने पर 7 से 10 साल तक की सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया है, जबकि गंभीर मामलों में उम्रकैद तक की सजा भी हो सकती है। कार्यकर्ताओं ने इस कानून को समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसका जोरदार समर्थन किया। फटाखों की गूंज और उत्सव के माहौल ने इस क्षण को और भी खास बना दिया।

#### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, राजा देवनानी, जतिन अटभैय्या, जिला महामंत्री घनेंद्र ठाकुर, आकाश सोलंकी, जिला मीडिया प्रभारी दीपक पुड़ो सहित युवा मोर्चा के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मितानिन प्रेरक की हत्या की गुत्थी 9 महीने बाद सुलझी, पैसों ने ली जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले के दुर्गूकोंदल थाना क्षेत्र में 9 माह पूर्व हुई मितानिन प्रेरक जयंती मंडल की सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने आखिरकार खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसने पीएमआवास के पैसों के विवाद में इस जघन्य वारदात को अंजाम देना कबूल किया है।

विदित हो कि 18 जून 2025 को दुर्गूकोंदल थानांतर्गत लिगभंगदरहा जंगल के पगडंडी मार्ग में एक महिला का शव संदिग्ध हालत में मिला था। महिला के सिर और चेहरे पर पत्थर से वार कर निर्ममता से हत्या की गई थी। बाद में मृतका की पहचान चिखली निवासी 40 वर्षीय जयंती मंडल के रूप में हुई, जो मितानिन प्रेरक के रूप में कार्यरत थीं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन शुरुआती दौर में कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया था। मामले की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर दोबारा जांच की गई।

साइबर सेल की मदद से जुटाए गए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेह ग्राम सोनपाल निवासी तारकचंद उर्फ चंदन पर गया। पूछताछ में पहले तो उसने पुलिस को गुमराह किया, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

#### 40 हजार लेकर नहीं बनाया मकान

आरोपी ने बताया कि उसकी मां के नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 40 हजार रुपये मिले थे, जिसका निर्माण कार्य जयंती मंडल को सौंपा गया था। आरोप है कि रकम लेने के बावजूद उन्होंने घर का निर्माण नहीं कराया और पैसे वापस करने से भी इंकार कर दिया। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने हत्या की साजिश रची। घटना के दिन आरोपी जयंती को नए काम का झांसा देकर जंगल ले गया और वहां पैसों को लेकर विवाद होने पर पत्थर से हमला कर उनकी हत्या कर दी।

## मोबाइल सट्टा का खाईवाला को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कांकेर।** थाना नरहरपुर पुलिस द्वारा सट्टा के संगठित अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुख्य खाईवाला आरोपी को गिरफ्तार करने में नरहरपुर पुलिस को सफलता मिली है।

नरहरपुर पुलिस को 4 फरवरी को मुखबिर से जानकारी मिली कि देवीनवागांव मण्डी चौक नरहरपुर स्थित एक कपड़ा प्रेस दुकान में सट्टा पट्टी लिखकर लोगों को लालच देकर सट्टा खिलाने के खिलाफ थाना नरहरपुर द्वारा अपराध क्रमांक 31/2026 धारा 6(क) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी 52 वर्षीय रामेश्वर निर्मलकर को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा बताया गया कि वह ग्राहकों से प्राप्त पैसे एवं नंबर चारामा थानांतर्गत 32 वर्षीय दिलीप कुमार साहू को देता था, जो मुख्य खाईवाली करता था। दोनों मिलकर संगठित रूप से सट्टा संचालन कर रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में धारा 112 भारतीय न्याय संहिता जोड़ी गई।

थाना प्रभारी नरहरपुर निरीक्षक सोमेश सिंह बघेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपी दिलीप कुमार साहू को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने सट्टा के माध्यम से अवैध लाभ अर्जित करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से प्रकरण में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## मटोली में वन विभाग ने दी दबिश सागौन लकड़ी जब्त, 1 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

पश्चिम भानुप्रतापपुर वन मंडल के अंतर्गत वन विभाग ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए विभाग ने ग्राम मटोली में दबिश देकर भारी मात्रा में सागौन की लकड़ी जब्त की है।



यह पूरी कार्रवाई वन मंडल अधिकारी हेमचंद पहारे के मार्गदर्शन, एसडीओ रामनाथ सोरी के पर्यवेक्षण तथा परिक्षेत्र अधिकारी कापसी डीडी ताराम के कुशल दिशा-निर्देशों में संपन्न हुई। टीम ने ग्राम मटोली निवासी सुरेन मरकाम(पिता जोगीराम मरकाम के पास से अवैध रूप से संग्रहित सागौन की लकड़ियाँ बरामद कि। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से सागौन लट्ठा 6 नग, चिराग कटी हुई लकड़ी 4 नग, कुल आयतन 1.680 घन मीटर। अनुमानित बाजार मूल्य लगभग एक लाख पचास हजार रुपएं का वन संपदा जप्त की गई। वन विभाग ने आरोपित के विरुद्ध वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जब्त लकड़ी को डिपो पहुंचा दिया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी कापसी डीडी ताराम का कहना है कि क्षेत्र में अवैध कटाई और तस्करी पर लगाम कसने के लिए इस तरह की गश्त और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। करवाई में वनपाल एलआर भगत, योगेश कुमार जुर्री, वन रक्षक पुष्पेन्द्र यादव, गणेशिया ध्रुव, प्रभा तारम, यमुना साहू, धनीराम दर्रो, तपन माली, चन्द्रकांत कश्यप का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

## 20 लाख की लागत से टिना शेड निर्माण का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



जनपद पंचायत नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सारवंडी में 19 लाख 95 हजार रुपएं की लागत से बनने वाले टीना शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया, जहां ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य को गांव के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। टीना शेड निर्माण से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है और आने वाले समय में भी ऐसे विकास कार्य जारी रहेंगे। इस अवसर पर संजू गोपाल साहू ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और यह निर्माण कार्य उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है और आने वाले समय में भी ऐसे विकास कार्य जारी रहेंगे। उन्होंने ग्रामवासियों से विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही योजनाओं का सही क्रियान्वयन संभव है। ग्राम पंचायत सरपंच सरिता भास्कर ने कहा कि यह निर्माण कार्य गांव के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। लंबे समय से इस तरह की सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि गांव के विकास के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम में वार्ड पंच दायाराम भास्कर, ग्राम समिति अध्यक्ष डोमर सिंह नेताम, ग्राम पटेल बरमसिंह भास्कर, पंचायत सचिव प्रभुराम मंडावी, चेतन सिन्हा, गौकरण साहू, कैलाश सेन, गब्दूराम भास्कर, ठाकुर राम रजक, मिलूराम रजक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

कांकेर में गूंजे भाजपा जिंदाबाद के नारे, संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प

## स्थाई आमंत्रित सदस्य बनने पर भाजपा नेताओं का शानदार किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दिलीप जायसवाल और पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले को पार्टी में स्थाई आमंत्रित सदस्य बनाए जाने के बाद उनके कांकेर आगमन पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। बस स्टैंड पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और नारों के बीच उनका अभिनंदन किया गया।

स्थायी आमंत्रित सदस्य दिलीप जायसवाल ने इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं का है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में पार्टी को और अधिक मजबूती देने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुनः शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में उनके नेतृत्व में संगठन के विस्तार की उम्मीद जताई। इस पूरे आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि क्षेत्र में दिलीप जायसवाल की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और कार्यकर्ताओं में उनके प्रति विशेष उत्साह बना हुआ है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए, जिससे पूरा बस स्टैंड परिसर गूंज उठा।

आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद

शैक्षणिक योग्यता स्नातक

समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल

वेतन 15000 + 5000/-

दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता

ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 16,500/

12 ज्योतिर्लिंग

स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक

रिजर्वेशन कोच

13 मई, 10 जून 2026 (11 दिन)

7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर

राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

## बीड़ी के नाम पर युवक से विवाद व मारपीट, फिर घर जा कर हमला



**कांकेर।** चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम जैसाकर्रा भाटापारा में बीड़ी खरीदने के दौरान शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। कुछ युवकों ने पहले रास्ते में और फिर घर पहुंचने पर दोबारा हमला कर दिया, जिससे युवक और उसके भाई को चोटें आई हैं। पीड़ित युवक ने चारामा पुलिस को बताया कि वह 19 मार्च की रात करीब साढ़े 9 बजे गांव के बसंत भुआर्य को उनके घर छोड़ने जा रहा था। रास्ते में बसंत भुआर्य ने बीड़ी खरीदने की बात कही, जिस पर युवक उन्हें पेट्रोल पंप के पास स्थित दुकान ले गया। इसी दौरान युवक मोटरसाइकिल से उतरकर फोन पर किसी अन्य व्यक्ति से बातचीत कर रहा था। वहां मौजूद ललित किरी और उसके साथियों ने गाली देने का आरोप लगाकर विवाद शुरू कर दिया और युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथ, थप्पड़, लात-मुक्कों से मारपीट की। पीड़ित किसी तरह अपने घर पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद जब वह अपने बड़े भाई मधुसूदन मोरे तथा अन्य परिजनों के साथ आरोपियों के घर पहुंचा, तो वहां भी विवाद बढ़ गया। ललित किरी और उसके साथियों ने दोबारा मारपीट की, जिसमें मधुसूदन मोरे के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। मारपीट में युवक को चेहरे, दाहिने हाथ और बाएं पैर में चोट आई है, जबकि उसके भाई को भी हाथ में चोटें आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115, 296, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज